<u>पत्र सूचना शाखा</u>

<u>सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0</u>

<u>राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने शहीद स्मारक पर दीपदान किया</u>

लखनऊः 30 जनवरी, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक तथा मुख्यमंत्री, श्री अखिलेश यादव ने आज बलिदान दिवस के अवसर पर शहीद स्मारक स्थल से गोमती नदी में दीपदान किया तथा राष्ट्रपिता महात्मा गाॅधी के चित्र पर पुष्पचक्र रखकर अपनी श्रद्धाजंलि दी।

इस अवसर पर भातखण्डे संगीत संस्थान सम विश्वविद्यालय के कलाकारों ने बापू के प्रिय भजन व रामधुन प्रस्तुत किये। श्रद्धांजलि सभा में प्रमुख सचिव सूचना, श्री नवनीत सहगल, निदेशक सूचना, श्री आशुतोष निरंजन, जिलाधिकारी, श्री राजशेखर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, श्री यशस्वी यादव, अपर निदेशक सूचना, श्री अरविन्द कुमार चैरसिया सहित बड़ी संख्या में स्वतंत्रता सेनानी तथा गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे।